# छत्तीसगढ़ हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा, 2017

## अनसॉल्व्ड पेपर्स ( कॉमर्स ग्रुप ) कक्षा—XII

## हिन्दी मीडियम

## विषय–हिन्दी विशिष्ट Set-A

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 25 प्रश्न हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय एवं खण्ड-(ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए निर्धारित हैं। कुल 10 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 में 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 8-8 अंक निर्धारित हैं। निबंध लेखन में शब्द-सीमा 250 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) श्रद्धा में श्रद्धालु, श्रद्धेय और ................. तीन पक्ष अनिवार्यत: रहते हैं।

(अ) प्रेम (ब) श्रद्धा
(स) घृणा (द) मध्यस्थ

(ii) कवि डॉ. उमाशंकर तिवारी ने भुइयाँ के भगवान किसे माना है?

(अ) मजदूर को (ब) पूँजीपति को
(स) निर्बल को (द) किसान को

(iii) युद्धों का सजीव वर्णन किस काल में हुआ?

(अ) आधुनिक काल (ब) रीतिकाल
(स) भक्तिकाल (द) वीरगाथा काल

(iv) मूलराज की सबसे छोटी बहू का क्या नाम था?

(अ) इन्दु (ब) भावना
(स) बेला (द) उर्वशी

(v) रौंदे व जोते जाने पर मिट्टी किस रूप में बदल जाती है?

(अ) मातृरूपा (ब) प्रियारूपा
m(स) प्रजारूपा (द) कलशरूपा

1. **(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) लहनासिंह ................. देश की ओर से युद्ध कर रहा था।

(ii) फ्री स्टाइल गवाही देने में ................. को महारथ हासिल थी।

(iii) 'बिनु पद चलै सुनै बिनु काना' में ................. अलंकार है।

(iv) भाग्यवाद के स्थान पर ................. को महत्व देना चाहिए।

(v) जिस वाक्य में किसी बात के होने की सूचना प्राप्त होती है, उसे ........... कहते हैं।

2. श्रद्धालु मंदिर क्यों जाते हैं?
3. गाता कल्क किसे कहते हैं?
4. शेक्सपियर कौन थे? उन्हें नाटक लिखते समय क्या कठनाई होती थी?
5. 'गीता भाष्य' के प्रणेता को कौन-सी उपाधि दी गई और क्यों?
6. चुरकी और मुरकी लोककथा से क्या शिक्षा मिलती है?
7. कवित्त छंद की परिभाषा लिखिए।
8. पुरुषार्थ को सबसे बड़ा देवत्व क्यों कहा गया है?
9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) आँखों का तारा (ii) उल्टी गंगा बहाना
(iii) कलई खुलना

10. असफलता के धूल कचरे से कवि का क्या आशय है?
11. शांत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
12. मिश्र वाक्य और संयुक्त वाक्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
13. "कृष्ण को मनभावन कहना भाव व्यंजना का सुन्दर उदाहरण है।" स्पष्ट कीजिए।
14. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** घनानंद का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई **दो**)
(ii) भावपक्ष एवं कलापक्ष
(iii) साहित्य में स्थान

15. पद्मावती के सौन्दर्य का सरोवर पर क्या प्रभाव पड़ा?

**अथवा**

"जायसी सूफी परंपरा के कवि थे।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

16. चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' **अथवा** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई दो)
(ii) भाषा तथा शैली
(iii) साहित्य में स्थान

17. कवि के अनुसार समाज में सुख-समृद्धि और शांति की स्थापना के लिए कैसा परिवर्तन अपेक्षित है?

**अथवा**

विराट सत्ता के विषय में मनु के चिंतन को स्पष्ट कीजिए।

18. "हाँ कि गर्व रथ में तुरंग-सा जितना चाहे जो जुत ले" पंक्ति का क्या आशय है? समझाइए।

**अथवा**

'इन्द्रनील मणि महाचषक' से कवि का क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए।

19. "परिवार में दादाजी की भूमिका बरगद के पेड़ के समान थी।" उपयुक्त उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'उसने कहा था' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

20. छायावाद की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। तीन प्रमुख कवियों के नाम देते हुए उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

**अथवा**

प्रगतिवाद की **तीन** विशेषताएँ लिखकर **तीन** प्रमुख कवियों के नाम देते हुए उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

21. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

आवत गारी एक है, उलटत होत अनेक।
कह कबीर नहीं उलटिए, वही एक की एक॥
गोधन, गजधन, बाजिधन और रतनधन खान।
जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान॥

**अथवा**

सिकता की सस्मित सीपी पर,
मोती की ज्योत्स्ना रही विचर।
लो पालें चढ़ी, उठा लंगर।
मृदु मंद-मंद, मंथर-मंथर,
लघु तरणि हंसिनी-सी सुन्दर।
तिर रही खोल पालों के पर।
निश्चल जल के शुचि दर्पण पर,
बिंबित हो रजत पुलिन निर्भर।
दुहरे ऊंचे लगते क्षण भर।
कालाकांकर का राजभवन,
सोया जल में निश्चिंत प्रमन।
पलकों पर वैभव सघन॥

22. रायपुर नगर निगम के महापौर के पास एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें मुहल्ले में सफाई न होने के संबंध में शिकायत हो।

**अथवा**

संचालक, नवबोध प्रकाशन, रायपुर को कक्षा 12वीं की पुस्तकें क्रय करने हेतु एक पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** की संदर्भ, प्रसंग, विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

"सच तो यह है कि ढोल की ध्वनि के साथ आनंद का कलरव, उत्सव का प्रमोद और प्रेम का संगीत—ये तीनों मिले रहते हैं। तभी इसकी कर्कशता समीपस्थ लोगों को भी कटु नहीं प्रतीत होती और दूरस्थ लोगों के लिए तो यह अत्यंत मधुर बन जाती है।"

**अथवा**

"संभवतः माँ ही ऐसा प्राणी है, जिसे कभी न देख पाने पर भी मनुष्य ऐसे स्मरण करता है, जैसे उसके संबंध में कुछ जानना बाकी नहीं। यह स्वाभाविक भी है। मनुष्य को संसार से बाँधने वाला विधाता माँ ही है। इसी से उसे न मानकर संसार को न मानना सहज है, पर संसार को मानकर उसे न मानना असंभव ही रहता है।"

24. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **250** शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए :

(i) विज्ञान की उपलब्धि—कम्प्यूटर
(ii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन
(iii) पर्यावरण प्रदूषण
(iv) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका
(iv) दहेज प्रथा—एक अभिशाप

25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले विभिन्न तत्वों में चरित्र का सबसे अधिक महत्व है। चरित्र एक ऐसी शक्ति है, जो मानव जीवन को सफल बनाती है। चरित्र की शक्ति ही मानव जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उत्पन्न करती है। चरित्र मनुष्य के कार्यकलाप और आचरण के समूह का नाम है। चरित्र रूपी शक्ति, बुद्धि और सम्पत्ति की शक्ति से भी महान होती है। इतिहास इस बात का गवाह है कि कई

a2zsubjects.com

चक्रवर्ती सम्राट धन, पद और विद्या के स्वामी थे, किन्तु चरित्र के अभाव में वे अस्तित्वहीन हो गए। तन-मन की पवित्रता, कर्त्तव्य की भावना, परोपकार और समाज की सेवा भी चारित्रिक गुणों में ही आती है। मानव जीवन की सम्पूर्ण सफलता, यश और गौरव अर्जित करने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने चरित्र को ऊँचा बनाए। व्यक्तियों का सामूहिक चरित्र राष्ट्रीय चरित्र के नाम से जाना जाता है।''

(i) उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) चरित्र किसे कहते हैं?

(iii) चरित्र की तुलना किससे की गई है?

(iv) मानव जीवन की सफलता के लिए क्या आवश्यक है?

(v) व्यक्तियों का सामूहिक चरित्र किसके नाम से जाना जाता है?